# उत्सर्जन गैप रपिोर्ट 2019

## प्रीलमि्स के लयिे

उत्सर्जन गैप रपिोर्ट 2019 क्या है?

## मेन्स के लयिे

पेरसि समझौते के लक्ष्यों की प्राप्तकी दशिा में वभिन्नि देशों की भूमकि।


## चर्चा में क्यों?

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (United Nations Environmental Programme-UNEP) ने उत्सर्जन गैप रपिोर्ट 2019 (Emission Gap Report 2019) प्रकाशति की, जसिमें जलवायु परविर्तन के संभावति खतरों को लेकर चति जाहरि की गई है।

## मुख्य बदिु:

- रपिोर्ट में यह बात कही गई कयिदि वैश्वकि कार्बन उत्सर्जन में वर्ष 2020-30 के दौरान प्रतविर्ष 7.6 प्रतशित की कमी नहीं की गई तो वशि्व, पेरसि समझौते के तहत कयि 1.5 डगि्री सेल्सयिस के लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकेगा।
- रपिोर्ट के अनुसार, पछिले एक दशक में वैश्वकि ग्रीनहाउस गैसों (Green House Gases-GHG) के उत्सर्जन में प्रतविर्ष 1.5 डगि्री सेल्सयिस की वृद्धहिुई है।
- इस वजह से वर्तमान में कुल वैश्वकि GHG उत्सर्जन 55.3 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड समतुल्य (Gigatonne Carbon Dioxide Equivalent-Gt$CO_2$e) हो गया है।
- रपिोर्ट के मुताबकि, वर्तमान में यदपिेरसि समझौते के तहत नरि्धारति सभी लक्ष्यों का पालन कयिा जाता है, तब भी वर्ष 2030 तक वैश्वकि तापमान में 3.2 डगि्री सेल्सयिस की वृद्धहिोगी जसिके जलवायु पर व्यापक एवं घातक परणिाम होंगे।
- उपभोग आधारति उत्सर्जन अनुमान (Consumption-based Emission Estimates) के आधार पर कुछ वकिासशील देशों द्वारा अधकि मात्रा में कार्बन उत्सर्जन कयि जाने के बावजूद यह वकिसति देशों की तुलना में कम है। उदाहरण के तौर पर चीन यूरोपयिन संघ की तुलना में अधकि $CO_2$ या $CO_2$e का उत्सर्जन करता है परंतु प्रतवि्यक्ति $CO_2$ उपभोग के मामले में यह यूरोपयिन संघ से कहीं पीछे है।

Top greenhouse gas emitters, excluding land-use change emissions due to lack of reliable country-level data, on an absolute basis (left) and per capita basis (right)




//


- विश्व का 78 प्रतिशत GHG का उत्सर्जन G20 देशों द्वारा होता है जबकि चीन, अमेरिका, यूरोपियन संघ तथा भारत मिलकर 55 प्रतिशत ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन करते हैं।
- यद्यपि लगभग 65 देशों ने वर्ष 2050 तक अपने GHG के उत्सर्जन में कुल शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है लेकिन इसके क्रियान्वयन के लिये कुछ ही देशों ने अपनी रणनीति बनाई है।

## उत्सर्जन गैप (Emission Gap) क्या है?

- उत्सर्जन अंतर को प्रतिबद्धता गैप (Commitment Gap) भी कहा जा सकता है। इसके द्वारा यह आकलन किया जाता है कि जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने के लिये हमें क्या करना चाहिये तथा हम वास्तविकता में क्या कर रहे हैं।
- इसके द्वारा कार्बन उत्सर्जन को निर्धारित लक्ष्यों तक कम करने के लिये आवश्यक स्तर तथा वर्तमान के कार्बन उत्सर्जन स्तर का अंतर निकाला जाता है।

इस रिपोर्ट में **ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी करने हेतु भविष्य की रणनीति** के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई है जो इस प्रकार है:

- GHG उत्सर्जन में कमी करने तथा वर्ष 2030 तक पेरिस समझौते के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु वर्ष 2020 से वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में प्रतिवर्ष 7.6 प्रतिशत की कटौती करनी होगी।
- वैश्विक तापमान में वृद्धि दर को 2oC तक लाने के लिये वर्ष 2020 तक देशों को अपनी राष्ट्रीय निर्धारित भागीदारी (Nationally Determined Contribution-NDC) के लक्ष्य को तीन गुना बढ़ाना होगा, जबकि 1.5oC तक लाने के लिये इस लक्ष्य को पाँच गुना करना होगा।
  - **राष्ट्रीय निर्धारित भागीदारी (NDC):** यह पेरिस समझौते के तहत इसके सदस्य देशों द्वारा निर्धारित एक लक्ष्य है जिसके माध्यम से प्रत्येक देश अपने स्तर पर GHG उत्सर्जन में कमी करने का प्रयास करेगा ताकि इस समझौते के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके।
- G20 के सदस्य देशों द्वारा GHG उत्सर्जन में कमी हेतु निर्देश दिये गए हैं। इसके अलावा इसमें G20 के सात बड़े GHG उत्सर्जक देशों के लिये एक दिशा-निर्देश जारी किया गया है ताकि वैश्विक $CO_2$ या $CO_2e$ के उत्सर्जन में कमी की जा सके। ये देश हैं- अमेरिका, जापान, चीन, अर्जेंटीना, ब्राज़ील, यूरोपियन संघ तथा भारत।
- GHG के उत्सर्जन में कमी हेतु वैश्विक अर्थव्यवस्था के अकार्बनीकरण (Decarbonization) की आवश्यकता होगी जिसके लिये मूलभूत ढाँचागत बदलाव ज़रूरी है।
- $CO_2$ या $CO_2e$ के उत्सर्जन में कमी के लिये आवश्यक होगा कि अक्षय उर्जा के स्रोतों के प्रयोग को बढ़ावा देने के साथ-साथ उर्जा के उपयोग में दक्षता के लिये प्रयास किया जाना चाहिये। इसके लिये रिपोर्ट में निम्नलिखित सुझाव बताए गए हैं-
  - विद्युत निर्माण में नवीकरणीय उर्जा का प्रयोग।
  - तीव्र अकार्बनीकरण के लिये उर्जा उत्पादन प्रणालियों से कोयले के प्रयोग पर रोक।
  - विद्युत आधारित यातायात के साधनों का विकास।
  - उर्जा गहन उद्योगों को अकार्बनीकृत करना।
  - सभी तक उर्जा की पहुँच सुनिश्चित करने के साथ ही भविष्य में GHG के उत्सर्जन में कमी करना।
- रिपोर्ट में इस बात पर भी ज़ोर दिया गया है कि पिछले कुछ वर्षों में नवीकरणीय उर्जा के स्रोतों की कीमतों में काफी कमी आई है तथा आगामी वर्षों में इसमें और कमी की उम्मीद की जा रही है। अतः इसके प्रयोग को बढ़ावा देने से जलवायु परिवर्तन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।




- ऐसे पदार्थ जिनकी वैश्विक स्तर पर मांग अधिक है तथा इनके उत्पादन में GHG का उत्सर्जन अधिक होता है, उनमें संरचनात्मक सुधार किया जाए ताकि वे अधिक टिकाऊ बन सकें एवं 3R (Reduce, Reuse, Recycle) के द्वारा उनके उत्पादन को सीमित किया जा सके।
  - इनमें लोहा तथा इस्पात, सीमेंट, चूना एवं प्लास्टर, भवन निर्माण सामग्री, प्लास्टिक और रबर उत्पाद आदि शामिल हैं।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस, द हिंदू**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/emission-gap-report-2019